## खबर संक्षेप

### आईपीएल का सट्टा लिखते एक धराया

**पांढुर्ना।** आज पांढुर्ना पुलिस नेकुणाल उर्फ चिन्ना सातपुते आयु 26 निवासी मेघनाथ वार्ड को आयपीएल मैच के लिए सट्टा लिखते हुए पकडा। पुलिस के अनुसार यह आरोपी कृषि मंडी के सामने सट्टा लिखते पाया गया। इस आरोपी से एक मोबाइल और 2000 रू. बरामद किए गए। आरोपी को थाना प्रभारी अजय मरकाम के निर्देश पर सहा. उप निरीक्षक शिवकरण पां, आ. पष्पेंद्र सिंह राजपूत, आ. अशोक हरसूले एवं सायबर सेल आ. अखिलेश ने धर दबोचा।

### सांसद ने महावीर स्वामी की जयंती की दी शुभकामनाएं

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने जिलेवासियों को भगवान महावीर स्वामी की जंयती की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के संस्थापक और अहिंसा को सबसे बड़ा धर्म मानने वाले भगवान स्वामी की आज जयंती है। महावीर जयंती को महावीर जन्मकल्याणक भी कहते हैं। भगवान महावीर स्वामी जी जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर थे। उन्होंने जैन धर्म के अहिंसा, सत्य, और अपरिग्रह की नींव रखी। भगवान महावीर स्वामी जी के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। सांसद श्री साहू ने लोगों से अपील की है कि वे उनके विचारों और सिद्धांतों को अपनाते हुए अपने जीवन में उसका उपयोग करें।

### मरीज को मिली आर्थिक सहायता राशि

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से मरीज को आर्थिक सहायता राशि मिली है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सांसद श्री साहू के निवेदन पर मरीज को 35 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जामई निवासी सुनील ब्रम्हवंशी ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए उनकी बेटी कुमार अंकिता की बीमारी की जानकारी देते हुए उसके ईलाज के लिए आर्थिक सहायता के लिए निवेदन किया था। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री श्री यादव को पत्र प्रेषित कर मरीज के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता दी जाने का निवेदन किया था।

### स्टीयरिंग लॉक होने से गड्ढे में गिरी कार, वरूण का परिवार रिसेप्शन के लिए आ रहा था पांढुर्ना

# दो वृद्ध महिलाओं की मौत, 4 नागपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

विकासखंड के ग्राम जाटलापुर के पास स्टीयरिंग लॉक होने के कारण एक कार गड्ढे में पलट गई, इस दुर्घटना में पार्वती भडके आयु 70 और स्वाति होले आयु 65 की घटनास्थ पर मौत हो गई और 4 अन्य घायल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एमएच 49 बी 7164 पडोसी तहसील वरूड (महाराष्ट्र) से पांढुर्ना आ रही थी।

कार में यात्रा कर रहा परिवार पांढुर्ना के शिवाजी वार्ड में गजानन सातपुते के विवाह उपरांत होनेवाली कथा में शामिल होने आ रहा था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में कार चालक हेमराज रेवतकर आयु 45 एवं शुभम होले आयु 42 को भी चोटें लगी है जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रिफर किया गया। कार में सवार प्रचीती आजनकर आयु 7 तथा हर्षद आजनकर आयु 8 को भी हल्की चोटें आयी है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की बारीकी से जांच कर रही है।



### आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ हुआ धराशाई

**सिंगोड़ी:** बुधवार दोपहर डेढ़ बजे सिंगोड़ी के आसपास के क्षेत्र में तेज हवा के साथ बारिश और ओले गिरे। सिंगोड़ी में सिर्फ तेज हवा एवं हल्की-फुल्की बारिश हुई है तेज आंधी तूफान के हल्की बारिश के चलते सिंगोड़ी बस स्टैंड के समीप केंद्रीय डिपो वन विभाग के परिसर में लगा नीलगिरी के वृक्ष के ऊपर आकाशीय बिजली गिरी,उक्त पेड़ में बिजली गिरने से पेड़ सड़क में जा गिरा। जब पेड़ गिरा तब बिजली भी चालू थी जिससे बिजली के तार टूट गए और सांट सर्किट होकर बिजली बंद हो गई आपको बता दे की बिजली विभाग में ऐसी कोई सुविधा नहीं है जाहां आम आदमी फोन पर सूचना दे सके वहीं ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग को एक परमानेंट एमपीवी विभाग के ऑफिस में टेलीफोन या मोबाइल रखना चाहिए जिस में आम आदमी ऐसी घटनाओं की सूचना तत्काल दे सके और बड़ी दुर्घटना को डाला जा सके इस और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को ध्यान देने की जरूरत है।पेड़ गिरते समय एक बाइक सवार एवं कार चालक पेड़ की चपेट में आने से बाल बाल बचा वहीं पेड़ गिरने के बाद सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो थे। वहीं पत्रकारों की माध्यम से एमपीवी विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई एवं बम विभाग के द्वारा रोड़ से पेड़ हटाया गया।



### जुन्नारदेव न्यायालय का मामला

## कोर्ट ने सुनाया हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव श्री महेंद्र मांगोदिया द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 21/2024 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी अरविंद उर्फ टोरा पिता देहलन उईके उम्र 25 साल निवासी ग्राम चाखला थाना महिलझिर ,जिला छिंदवाड़ा को विनोद सल्लाम की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं , 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है।

अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की घटना का विवरण इस प्रकार हैं की दिनांक 22/02/2024 को दोपहर 3:00 बजे स्थान ग्राम चाखला थाना माहुलझिर जिला छिंदवाड़ा में आरोपी ने विनोद सल्लाम को डैम में मछली पकड़ते समय उसका ट्यूब पलटा कर उसके पैर ऊपर कर दिया जिससे पानी में डूबा कर उसकी हत्या कारित आशय पूर्वक जानते हुए उसकी हत्या की थी। उक्त घटना को तीन चक्षुदर्शी साक्षीयो ने देखा था जिनके बयानों के आधार पर अपराध प्रमाणित पाए जाने के आधार पर मामला संदेह से परे प्रमाणित हुआ। प्रार्थी की सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर कर सघन विवेचना कर अपराध पंजीकृत किया गया था, तथा न्यायालय में विचारण हेतु चालान प्रस्तुत किया गया।

प्रकरण में कुल 11 गवाहों के कथन न्यायालय में लेख बद्ध किए गए तथा विचारण उपरांत आरोपी अरविंद उर्फ टोरा को धारा 302 भा.द.वि. के तहत दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास एवं 5000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। प्रकरण में संपूर्ण विवेचना थाना प्रभारी रविंद्र पवार द्वारा की गई एवं मध्य प्रदेश राज्य की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा की गई।

## हरनभटा में खेत की नरवाई जलाने से किसानों को नुकसान, किसान पर प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के विकासखंड चौरई के ग्राम बिंझावाड़ा निवासी कृषक श्री गिरजानंद सनोडिया ने ग्राम हरनभटा में अपने खेत में हुई आगजनी की घटना को लेकर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता की मां के नाम पर स्थित तीन एकड़ खेत में कृषि उपकरण, पाइप और बोरिंग की व्यवस्था रखी गई थी। 5 अप्रैल 2025 को दोपहर लगभग 2 बजे डालचंद सनोडिया नामक व्यक्ति द्वारा अपने खेत की नरवाई में लापरवाही पूर्वक आग लगा दी गई।

गर्मी के चलते आग तेजी से फैल गई और आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में शिकायतकर्ता के खेत में लगी 40 नग 2 इंची पाइप एवं लगभग 1200 फीट बोरिंग पाइप जलकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही, पड़ोसियों के खेतों में भी आग से पाइपलाइन एवं अन्य कृषि सामग्री जलकर नष्ट हो गई।

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा नरवाई जलाने पर पूर्व में ही प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी करते हुए खेत में आगजनी की गई, जिससे आसपास के किसानों को नुकसान हुआ।

क्षेत्र में लगातार कृषि एवं राजस्व विभाग के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है कि वे नरवाई में आग न लगाएं। इसके बावजूद कुछ किसानों द्वारा की जा रही ऐसी लापरवाही पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि जिला प्रशासन व विकासखंड स्तर पर कृषि विभाग द्वारा सुपर सीडर मशीन अनुदान पर उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे बिना नरवाई जलाए अगली फसल की बोनी की जा सके।

चांद और चौरई क्षेत्र के लगभग 800 कृषकों ने इस वर्ष ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल नरवाई जलाए बिना बोई है, जिससे उन्हें न केवल बेहतर उत्पादन मिला है बल्कि पर्यावरण भी सुरक्षित बना हुआ है। प्रशासन ने पुनः अपील की है कि किसान नरवाई न जलाएं और वैज्ञानिक कृषि विधियों को अपनाकर पर्यावरण और समाज हित में सहयोग करें।

## सचिव को हटाने सांसद से लगाई गुहार

**परासिया।** जनपद पंचायत परासिया की सुदूर ग्राम पंचायत बाघबर्धिया के सचिव को हटाने के लिए ग्रामीणों ने सांसद और प्रभारी मंत्री से गुहार लगाई है। ग्रामीणों के द्वारा सचिव पर हितग्राहियों से काम के बदले पैसे लेने , ग्राम सभाएं न लेने , मनमर्जी से प्रस्ताव लेकर काम करने और फर्जी बिल लगाकर राशि आहरण करने जैसे कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।गौरतलब है , कि ग्राम पंचायत बाघबर्धिया में कृष्ण कुमार नागवंशी सचिव हैं। जो बीते 3 वर्षों से यहां पदस्थ हैं। इस ग्राम के रविन्द्र राठौर , सुनील राठौर , प्रभा कवरेती , गोपाल कवरेती , कुबैर राठौर आदि ने सांसद को पत्र लिखकर सचिव को हटाने की मांग रखी है। सचिव पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है , कि सचिव के द्वारा पंचायत में व्यापक भ्रष्टाचार किया गया है। फर्जी बिल लगाकर राशि का आहरण किया गया है। पंचों के साथ सभाएं नहीं ली जाती है। मन मर्जी से प्रस्ताव लेकर निर्माण कार्य कर भ्रष्टाचार किया गया है। बीते 3 वर्षों में लगभग 20 लाख की राशि जो 5 वें , 15 वें वित्त , सांसद निधि , निधि आदि मदो से प्राप्त है , व्यापक अनियमितताएं बरती गई हैं। खेड़ापति माता मंदिर में सांसद निधि से स्वीकृत तीन रंग मंचों की राशि का आहरण किया गया। जिसमें से दो रंगमंच पूर्व से ही निर्मित है। शिकायतकर्ताओं का दावा है , कि सचिव के कार्यों की जांच पूरी ईमानदारी से हो जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। इधर सचिव ने सारे आरोपों को निराधार बताया है।

## संतों ने कहा-हरिनाम श्रवण से मन हो जाता है निर्मल

**छिन्दवाड़ा।** ग्राम गुरैया स्थित ओकटे कृषि फार्म में विशाल हरिनाम कीर्तन सप्ता का विधि विधान से पूजन अर्चन व ग्राम में दिंडी यात्रा निकालकर किया गया। 24 घंटे के अखंड हरिनाम कीर्तन में सम्मिलित हुए संतों ने कहा कि हरिनाम के श्रवण से मन निर्मल हो जाता है। भगवान केवल भाव के भूखे होते हैं उनके प्रति समर्पण ही व्यक्ति के जीवन में सफलता का द्वार खोलता है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे के गुरैया स्थित ओकटे कृषि फॉर्म में दिव्य व भव्य अखण्ड हरिनाम कीर्तन प्रातः काल में दिंडी यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। पूजन अर्चन के उपरांत नगर के सभी मंदिरों के लिए दिंडी यात्रा निकाली गई जिसमें ग्राम के भक्तजन भी पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ सम्मिलित होकर हरिनाम में भावविभोर हो उठे। आयोजन में छिन्दवाड़ा जिला सहित, समीपस्थ जिले व अन्य प्रदेशों से भी हरिनाम कीर्तन करने हेतु मंडलियां पहुंची साथ ही संतों का भी समागम हुआ।





### निगम ने हटाए अवैध अतिक्रमण

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर सहायक आयुक्त मीना कोरी ने गोलगंज मे सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल पर अवैध अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की। इस दौरान नगर निगम का अतिक्रमण अमला मौजूद रहा।

### सिंगोड़ी जैन चैत्यालय जी मे संपन्न हुआ नवकार दिवस



**सिंगोड़ी:** श्री तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय जी मे 9 अप्रैल दिन बुधवार को विश्व नवकार दिवस के अवसर पर णमोकार महामंत्र का पाठ मंत्रोच्चार किया गया। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से समूचे विश्व के कल्याण और मंगल की भावना से जीतो द्वारा आयोजित नवकार दिवस के अवसर विश्व के 108 से भी अधिक देशों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़े बड़े धार्मिक गुरुओं-राजनेता-उद्योग पति एवं फिल्मी कलाकारों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया-भारत मे यह कार्यक्रम प्रत्येक जैन मंदिरों एवं संस्थानो पर आयोजित हुआ साथ ही 100 से अधिक स्थानों पर देश भर के विभिन्न समुदायों के लोग भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और नवकार महामंत्र का जाप किया।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भी ओस कार्यक्रम का हिस्सा बने उन्होंने दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित नवकार दिवस के अवसर अपनी सहभागिता दी एवं नवकार महामंत्र की महिमा विस्तृत रूप में बताई-इसी कार्यक्रम के परिपेक्ष्य यह कार्यक्रम सिंगोड़ी में आयोजित हुआ जिसमें समाज के सभी वरिष्ठ जन बंधु माताएं बहने एवं युवा बच्चे शामिल हुए।







### छात्रों ने किया नाम रोशन

**परासिया :** विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल रावनवाड़ा खास में कक्षा पाँचवी के अध्ययनरत छात्र अंशुल ढाकरिया पिता द्वारका प्रसाद ढाकरिया एवं छात्रा कु. मोहिना उइके पिता कमल उइके का जवाहर नवोदय स्कूल में प्रवेश के लिए चयन किया गया। साथ ही साथ कक्षा पाँचवी एवं कक्षा आठवी बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसी तरह ग्लोबल इनोवेटिव स्कूल परासिया में कक्षा पाँचवी के अध्ययनरत छात्र गौरव पवार पिता सुनील पवार का जवाहर नवोदय स्कूल में प्रवेश के लिए चयन हो गया है। साथ ही साथ कक्षा पाँचवी एवं कक्षा आठवी बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। शाला संचालिका मंजू ओमप्रकाश जोशी एवं राधा कन्हैयालाल राजलानी एवं प्राचार्य व समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शुभकामनाऐ दी।

### मोरकुंड में जल संरक्षण में कार्य करने वाले व्यक्तियों से मुलाकात

**जुन्नारदेव।** शासकीय एकीकृत उमावि मोरकुंड में आयोजित की गई जल संरक्षण में कार्य करने वाले व्यक्तियों से मुलाकात में आज जनपद सदस्य मनोहर चौकसे , केवलारी पंचायत के सरपंच राजकुमार मर्सकोले उप सरपंच अरुण विश्वकर्मा, पूर्व भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शिवराम पवार एवं जन अभियान समिति के सदस्य योगिता मासी ले आयुषी मालवीय व सदस्य उपस्थित रहे।इस अवसर पर जल संरक्षण में विशेष योगदान देने पर अरुण विश्वकर्मा एवं दिनेश सरेआम को सम्मानित किया गया एवं छात्राओं से परिचय करा कर उनके कार्यों के बारे में बताया कि किस प्रकार वें लगातार कई वर्षों से जल संरक्षण के कार्य कर रहे हैं। संस्था की प्राचार्य मनोज श्रीवास्तव के द्वारा अपने संदेश में कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने रोज के कार्यों में जल को बचाएगा एवं जल बचाने के लिए दूसरे को भी प्रेरित करेगातो यह अपने आप में एक बड़ा योगदान जन संरक्षण के लिए हो सकता है।

## सड़क निर्माण के लिए ठेकेदार ने नहीं ली परिवहन की अनुमति

### खनिज विभाग लगा सकता है बिना अनुमति परिवहन करने पर बड़ा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

तहसील कार्यालय से लेकर जुन्नारदेव विशाला पहुंच मार्ग के लिए बनने वाली डब्लूडीबीएम सड़क का काम इन दोनों खनिज विभाग के नियमों के खिलाफ चल रहा है.इस सड़क निर्माण का कार्य आर ई एस विभाग द्वारा एस एस कंस्ट्रक्शन कंपनी को 40 लाख रुपए की लागत से दिया गया है।

जुन्नारदेव विशाला से तहसील कार्यालय तक यह 1100 मी. बनने वाली डब्लूबीएम सड़क के प्रथम चरण में इस सड़क निर्माण कार्य में व्यावसायिक उपयोग के लिए निजी खेत से मिट्टी खोदकर सड़क में डाली जा रही है.व्यावसायिक उपयोग किए जाने पर मिट्टी के वाहन परिवहन कि अनुमति विधिवत खनिज विभाग से लेनी होती है.जो ठेकेदार ने नहीं ली.बगैर खनिज विभाग की अनुमति के मिट्टी वाहन परिवहन में लगाया गया है. जिस पर खनिज विभाग द्वारा आगामी समय में बड़ा जुर्माना इस कंपनी को किया जाएगा. ज्ञात होगी विशाल से तहसील कार्यालय की सीमा तक 1100 मी बनने वाली यह सड़क बीते कई दशकों से लंबित थी जैसे तैसे यह सड़क स्वीकृत होकर आई लेकिन उसमें भी निर्माण कंपनी के द्वारा इस काम में शासन को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है.खनिज विभाग के नियमों के अनुसार यहां खनिज मिट्टी संपदा को खोदने हेतु ली गई अनुमति के बाद सड़क निर्माण स्थल पर खुदाई स्थल से ट्रैक्टर के माध्यम से आने वाली इस निर्माण सामग्री की खनिज विभाग से परिवहन की कोई भी अनापत्ति ठेकेदार के द्वारा वर्तमान समय तक नहीं ली गई है।



#### क्या है नियम

प्रतिएकड़ जमीन पर 3 से 5 फुट तक की मिट्टी खनन हो सकती है। अगर जमीन के पास डेढ़ किलोमीटर के दायरे में जंगल है तब खनन नहीं हो सकता। जमीन के पास बिजली के हाइटेंशन वाले खंभे, 40 मीटर और छोटे खंभे 5 मीटर के दायरे में है तब खनन पर प्रतिबंध रहता है। इसी प्रकार खनन के लिए उपयोग में लाई जाने वाली जमीन के 15 मीटर के दायरे में कोई मकान नहीं होना चाहिए। किसी उद्योग और सार्वजनिक हित के लिए किया जा रहा निर्माण भी जमीन के पास निर्धारित दूरी पर होना चाहिए। कोई भी खनन अनुमति मिलने के बाद 30 दिन तक ही वैध रहता है। इसके अलावा व्यावसायिक उपयोग के लिए वहां ट्रैक्टर के परिवहन हेतु खनिज विभाग से अनुमति लेना आवश्यक होता है इसके बाद निर्माण स्थल पर लगाए गए वहान का उपयोग किया जा सकता है।

#### इनका कहना है

हमारे विभाग से ठेकेदार के द्वारा किसी भी तरह से निर्माण स्थल पर खनिज संपदा को परिवहन करने की कोई अनुमति नहीं ली गई है. जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

स्नेहलता ठावरे खनिज अधिकारी छिंदवाड़ा

### भजन गायक सिमरिया धाम में देंगे प्रस्तुति

**छिंदवाड़ा।** श्री सिद्ध सिमरिया धाम में मारूतिनंदन सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य भजन संध्या आयोजित की गई है। मारुति नंदन सेवा समिति के संयोजक आनंद बक्षी ने बताया कि, दिनाँक 12 अप्रैल दिन शनिवार को शाम 7.00 बजे से देश के सुविख्यात गायक अनूप जलोटा के शिष्य प्रभंजय चतुर्वेदी एवं दिल्ली से पधार रहे विख्यात भजन गायक धीरज कांत श्री हनुमान भक्त कमलनाथ जी एवं श्री हनुमान भक्त नकुलनाथ जी की उपस्थिति में अपने भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देंगे। प्रभंजय चतुर्वेदी ए ग्रेड कलाकार हैं, इन्होंने संगीत की आरंभिक शिक्षा रामचंद डोले, भगवानदास शर्मा, विमलेन्दु मुखर्जी से प्राप्त की है।

### एनसीईआरटी की बुक्स को लेकर शिक्षा अधिकारियों को पालकों ने लताड़ा, मात्र छह दुकानें पुस्तक स्टेशनी और चार गणवेश की लगी दुकानें

# पुस्तक मेला हुआ फ्लॉप, सैंकड़ों पालकों को नहीं मिली पुस्तकें, खाली हाथ लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

क्षेत्र में संचालित निजी,सीबीएसई स्कूलों के बच्चों को आसानी से एवं कम दामों पर पुस्तक उपलब्ध होने को लेकर पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देश लगाया गया पुस्तक मेला अवस्थाओं के भेट चढ़कर फेल हो गया, पुस्तक मेले में सैकड़ो पालकों को पुस्तक नहीं मिलने के चलते खाली हाथ लौटना पड़ा है, पालकों के द्वारा पूरी पुस्तक नहीं मिलने और एनसीईआरटी की जगह पर प्राइवेट पब्लिकेशंस की बुक जबरदस्ती दुकान संचालकों के द्वारा थमाने पर जमकर हंगामा किया,,पालकों ने इस मेले को फ्लाप मेला बताया है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के सीएम राइस स्कूल में बुधवार को पुस्तक एवं गणवेश मेले का शुभारभ किया गया,परंतु पांलकों के हाथो में निराशा तब लकी जब इस पुस्तक मेले में मात्र 6 दुकानें पुस्तकों स्टेशनरी की एवं 4 गणवेश दुकाने की नजर आई है।





**निजी स्कूलों को लाभ पहुंचा रहे शिक्षा विभाग के अधिकारी-** किताबें नहीं मिलने पर आक्रोशित हुए पालकों ने सौसर शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर जमकर भड़ास निकाली पालकों का आरोप था कि शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली निजी शिक्षण संस्थानों को लाभ पहुंचाने वाली है। मेले में कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक पर्याप्त मात्रा में पुस्तकों उपलब्ध नहीं होना यह शिक्षा विभाग में बैठे हुए अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा बताया है। चर्चा के दौरान पालक प्रशांत गुहे ने बताया की पुस्तक मेला अधिक कमीशन के चक्कर में 100% फ्लॉप रहा है, यहां पर ग्रामीण क्षेत्र से पुस्तक लेने आए हुए सैकड़ो पालकों को खाली हाथ वापस जाना पड़ा है, आयोजन के दौरान अधिकारियों के द्वारा समाधान नहीं करने पर पालकों ने पुस्तक मेले की सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी की है।

#### इनका कहना है

विधायक विजय चौरे का कहना है कि मुझे पालकों से शिकायत मिली है की सौसर के पुस्तक मेले से कई पालक बिना पुस्तक के लिए वापस गए है,पुस्तक मेला मात्र औपचारिकता निभाने के लिए नहीं लगना चाहिए शिक्षा विभाग और प्रशासन ने गंभीरता से ध्यान देना चाहिए,पूरी तैयारी नहीं थी तो पुस्तक मेला नहीं लगना चाहिए था, पुस्तक मेले को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारी मात्र खानापूर्ति औपचारिकता ना निभाए, सभी पालकों को नियमानुसार एनसीईआरटी की पुस्तक के उपलब्ध कराएं।

#### पुस्तकों पर कमीशन के खेल में लूट रहा पालक वर्ग

मध्य प्रदेश पालक संघ जिला अध्यक्ष पंकज ठाकरे ने बताया कि पुस्तक मेले में लगी दुकानों में किताब कम और कॉपी अधिक, आधी अधूरी किताबे, पालकों ने जब यह नजारा देखा तो शिक्षा विभाग अधिकारियो से इन बुक स्टाल विक्रेता पर कार्यवाही, स्कूलों को दी जा रही मान्यता पर जमकर आक्रोश व्यक्त किया है, ग्रामीण क्षेत्र से आये पालक दुर्गेश सनेसर,राहुल दोइजड़, संतोष धुर्वे, आदि किताबे नहीं मिलने पर भटकते रहे। अंत में खाली हाथ घर लौटना पड़ा है। शुभारंभ अवसर पर सहायक संचालक शिक्षा कुमारी रश्मि कुसरे,भास्कर गावंडे, बीआरसी चैनसा यादव, सीएम राइस प्राचार्य शैलजा बत्रा, उप प्राचार्य संजय गवनेकर आदि थे।

#### आयोजन में विधायक, जनप्रतिनिधियों को क्यों नहीं बुलाया

आयोजन में प्रोटोकॉल के अंतर्गत क्षेत्र के विधायक या जनप्रतिनिधि को शामिल करना चाहिये था परंतु शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने यह करना भी उचित नहीं समझा है, पुस्तक मेले में जिले से सहायक संचालक पी एल मेश्राम दिनेश वर्मा द्वारा मॉनिटरिंग की गई है, बावजूद उसके इन अधिकारियों को पुस्तक मेले के नाम पर की जा रही खानापूर्ति नजर नहीं आई है,इन अधिकारियों के द्वारा भी मात्र पुस्तकों विक्रेताओं की बैठक लेकर उन्हें दुकान में बिक्री को लेकर चर्चा कर मेले से इतिश्री कर ली।

## कार्यकर्ताओं के बीच पहुँचे भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव और सांसद विवेक साहू

# दमुआ कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही भाजपा बनी बड़ी पार्टी





हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुन्नारदेव

कार्यकर्ताओ के बीच पहुँचे भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव और सांसद विवेक साहू पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती ने भी संबोधित किया दमुआ कार्यकर्ताओं के मेहनत से ही भारतीय जनता पार्टी आज देश और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गरीबों के मसीहा के रूप में उभरे हैं। सभी कार्यकर्ता संकल्प लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति की कल्याण के लिए चल रहा है शासन की तमाम योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए हम सब समर्पित होकर काम करेंगे ।इस आशय के विचार भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव सांसद विवेक बंटी साहू और पूर्व विधायक तथा वरिष्ठ नेता नत्थन शाह कवरेती ने बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच व्यक्त किए ।शहर में बुधवार भाजपा के जुन्नारदेव विधान सभा के सक्रिय कार्यकर्ताओ का सम्मेलन का आयोजन जिला उपाध्यक्ष और विधानसभा प्रभारी योगेश साहू के प्रयासों से सम्पन्न हुआ ।

सम्मेलन में दमुआ शहर तथा ग्रामीण ,जुन्नारदेव शहर तथा ग्रामीण मंडलों के अलावा तामिया और चावल पानी मंडलों के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दी ।भाजपा के सांगठनिक कार्यक्रम में तीन सत्रो में मुख्य वक्ताओं के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष सांसद और पूर्व विधायक ने अपने अपने विषय के अनुसार भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति कार्य शैली और सांगठनिक व्यवस्था से कार्यकर्ताओ का परिचय कराया । पहला सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने ₹ भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विस्तार₹ पर अपने विचार रखे वही दूसरे सत्र मेंसांसद विवेक साहू ने ₹ भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन₹ विषय पर अपनी बात रखी तीसरे और आखरी सत्र में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ 11 वर्षो में विकसित भारत की यात्रा का विश्व पटल पर प्रभाव विषय पर पूर्व विधयक नत्थन शाह कवरेती ने अपने विचार रखे । इन मुख्य वक्ताओं के साथ क्षेत्र के तीन वरिष्ठ नेताओं विष्णु शर्मा , शिव कुमार राय और पूर्व विधायक हरिशंकर उइके ने अलग अलग अलग सत्रों में अध्यक्षता की ।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आदर्श नांदना में किया दीवार लेखन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमुआ

दमुआ मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जुन्नारदेव की नवांकुर संस्था (जन मानस सामाजिक संस्थान नांदना) की आदर्श ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नान्दना सेक्टर क्रमांक 4 के द्वारा अपने ग्राम मे ग्रामवासियो के सहयोग से ग्राम मे जल संरक्षण को लेकर ग्राम मे दिवार लेखन कर दिया जल बचाओ अभियान का संदेश जिसमे ग्राम के ग्रामवासी का भरपुर सहयोग प्राप्त हुआ इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामरतन बेलवंशी ,राजू बेलवंशी,सुगना बेलवंशी,bsw के छात्र मुकेश बेलवंशी,अमन आरसे ,नैतिक बेलवंशी ,उमेश पंद्राम ,अंशु बेलवंशी,अरुण बेलवंशी आदि ग्रामीण जनों की उपस्थिति मे कार्यक्रम किया गया।

## वार्ड पार्षद सूर्यवंशी की पहल से सुधरे हैंडपंप, जल संकट से राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ परासिया



जैसे-जैसे गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू किए हैं, नगर पालिका परासिया के वार्ड क्रमांक 11 में पानी की समस्या भी सिर उठाने लगी थी। लेकिन वार्ड पार्षद पवन सूर्यवंशी ने समय रहते स्थिति की गंभीरता को समझते हुए त्वरित कार्रवाई की।पार्षद सूर्यवंशी ने वार्ड में वर्षों से खराब पड़े हैंडपंपों एवं कुओं का निरीक्षण किया और नगर पालिका के संबंधित विभाग को तुरंत मरम्मत एवं संरक्षण कार्य के निर्देश दिए। उनके निर्देशों पर तेजी से कार्य हुआ और वार्ड के सभी हैंडपंपों को ठीक कर चालू कर दिया गया। इस कदम से वार्डवासियों को गर्मी में पानी की किल्लत से काफी हद तक राहत मिली है। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्य के लिए वार्ड पार्षद का आभार प्रकट करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है। पवन सूर्यवंशी ने बताया कि ₹पानी जीवन का मूल है। मेरी प्राथमिकता है कि किसी भी नागरिक को जल संकट का सामना न करना पड़े। हैंडपंपों की मरम्मत और रखरखाव गर्मी में अत्यंत आवश्यक है, और हम इसी दिशा में काम कर रहे हैं।₹उनकी इस सक्रियता की सराहना पूरे वार्ड में की जा रही है।

## हनुमान मंदिर के पास लॉन में आयोजन हुआ संपन्न

**दमुआ।** भारतीय जनता पार्टी दमुआ नगर मंडल के कार्यक्रम में जिले के लाडले सांसद बड़े भैया विवेक बंटी साहू जी एवं जिले के लोकप्रिय जिला अध्यक्ष आदरणीय शेषराव यादव जी जिले की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गरिमा प्रतीक दामोदर जी विधानसभा के पूर्व विधायक नत्थनसाह कवरेती एवं दमुआ नगर पालिका अध्यक्ष एवं जुन्नारदेव नगर पालिका अध्यक्ष दोनों नगर पालिका के उपाध्यक्ष पार्षद सभापति जिले की महिला मोर्चा जिला मंत्री सपना सोनू सोनी जी सक्रिय सदस्यता कार्यक्रम के विधानसभा समेलन में उपस्थित होकर जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता के रूप में अपनी सहभागिता प्रदान की जिसका आयोजन दमुआ नगर मंडल के हमारे हनुमान मंदिर के पास श्रीजा लान में सम्पन्न हुआ।

## वार्ड 17 में पांच लाख की लागत से होगा नाली निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुन्नारदेव

नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर में लगातार विकास कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में वार्ड वासियों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए वार्ड क्रमांक 17 की पार्षद लक्ष्मी चंद्रवंशी ने आशीष दुबे से घर से विनोद सोनी के घर तक 5 लाख की लगात से आरसीसी नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलाई थी। जिसका बुधवार को नपा अध्यक्ष रमेश सालोडे और वार्ड पार्षद लक्ष्मी चंद्रवंशी ने भूमिपूजन किया। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन, पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी,प्रमोद बंदेवार,अमित यादव,शरद कुरोलिया, देवेंद्र टांडेकर, विपिन बिंदवारी, महर्षि चौरसिया एवं ठेकेदार मकोड़े वार्ड के निवासरत आशीष दुबे,मनीष चौहान, ड्रॉ यादव, श्री ठाकरे सहित उपस्थित रहे ।




## राहगीर छाछ, जल और साहित्य सेवा से हुए लाभान्वित

**छिंदवाड़ा।** श्री शक्ति ट्रस्ट और संस्कृत पुस्तकोंन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशारामजी गौशाला खजरी द्वारा प्रतिवर्ष आम राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने हेतु निःशुल्क छाछ का वितरण किया जाता है । आयुर्वेद में छाछ एक औषधि पेय है । इसके सेवन से पेट के अनगिनत रोगों के साथ गर्मी से भी राहत मिलती है । रामनवमी के पावन पर्व पर हिन्दू उत्सव समिति के आह्वान पर लाखों की संख्या में हिन्दू संगठनों ने विशाल रैली का आयोजन किया । इस दौरान श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा छाछ का स्टॉल लगाकर आम लोगों को गर्मी से राहत दिलाई ।लगभग 25 हजार लोगों ने छाछ का सेवन किया 20 हजार से अधिक पानी के पाउच और 36 हजार से अधिक आश्रम से प्रकाशित ऋषि प्रसाद पत्रिका का निःशुल्क वितरण किया गया । इस दैवीय कार्य में खजरी गौशाला के संचालक जयराम भाई , सुभाष इंगले , अशोक कराडे , रामराव लोखंडे , नारायण ताम्रकार , बबलू सुरज प्रसाद माहोरे , मुकेश राउत , संजू कराडे ,अश्विन पटेल , भूपेश पहाड़े , करुणेश पाल , छाया सूर्यवंशी , डॉ. मीरा पराड़कर , कृष्णा राठौड़ , निर्मिला पटेल , सुधा ताम्रकार रुपाली इंगले ने अपनी अपनी सेवाएं दी ।

# वेदिका मिश्रा ने राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में हासिल किया दूसरा स्थान

**वारासिवनी।** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय युवा संसद 2025 का आयोजन किया गया था। इस युवा संसद प्रतियोगिता में कुल 55 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। इस आयोजन में वारासिवनी नगर की बेटी वेदिका मिश्रा ने अपनी उत्कृष्ट वक्तव्य तथा नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर नगर एवं जिले का नाम रोशन किया।



कुमारी वेदिका मिश्रा वारासिवनी शंकर नगर निवासी राकेश मिश्रा तथा अनीता मिश्रा की सुपुत्री हैं। ज्ञात हो कि वेदिका मिश्रा ने इस अभिरूप संसद प्रतियोगिता में महिला एवं बाल विकास मंत्री की भूमिका का निर्वाहन किया तथा विपक्ष की ओर से पूछे जाने वाले प्रश्नों का सटीक उत्तर प्रदान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वर्धा के सांसद अमर काले उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति श्रीमती कुमुद शर्मा द्वारा की गई। यह कार्यक्रम डॉक्टर बालाजी चीरडे के संयोजन में सम्पन्न हुआ। ज्ञात हो कि वेदिका मिश्रा ने पूर्व में भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किए हैं। वर्तमान में वेदिका मिश्रा महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के जनसंचार विभाग में परास्नातक की छात्रा हैं तथा विश्वविद्यालय की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई में इकाई मंत्री के दायित्व का निर्वाहन कर रही हैं।

## कांग्रेस विधायक विवेक विक्की पटेल में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को लिखा पत्र

# किसानों की नष्ट हुई रबी की फसलों का जल्द सर्वे करवाकर मुआवजा दे सरकार-विवेक पटेल

**वारासिवनी। कांग्रेस विधायक विवेक विक्की पटेल ने बालाघाट जिले के किसानों की रबी की फसलों को पानी नहीं मिलने से नष्ट हुई फसलों का जल्द सर्वे करवाकर मुआवजा देने की मांग पत्र लिखकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से की हैं।**

***शासन ने कराई मुनादी, लेकिन पानी नहीं दिया***

विधायक विवेक पटेल ने अपने पत्र में उल्लेख किया हैं कि प्रतिवर्ष बालाघाट जिले के हजारों किसान रबी की फसल लगाकर अपना जीवन यापन करते हैं। शासन प्रशासन द्वारा मुनादी के माध्यम से किसानों को रबी की फसल



लगाने आग्रह किया था। मगर शासन की लापरवाही के चलते नहरों के माध्यम से किसानों की रबी की फसलों में सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाया। जिससे बालाघाट जिले के हजारों किसानो की फसले नष्ट होने की कगार पर हैं। जल्द ही नष्ट हुई फसलों का सर्वे करवाकर किसानों को मुआवजा देने की मांग मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से की हैं।

### शासन की लापरवाही के चलते किसानों की फसल नष्ट होने की कगार पर-विवेक पटेल

विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि मध्यप्रदेश का बालाघाट जिला सूखे की चपेट में हैं। सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से रबी की फसलों पर संकट मंडरा रहा हैं। इसके साथ ही शासन प्रशासन ने अभी तक इस गंभीर संकट का आकलन ही नहीं कर पाया हैं। क्षेत्र के किसान संगठन एवं किसान बेबस हैं। शासन के आदेशों पर किसानों ने रबी की फसल लगाए हैं। मगर शासन की लचर प्रणाली के चलते अब किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं दे पा रही हैं। जिससे क्षेत्र के किसान चिंतित हैं। अगर जल्द ही पानी नहीं मिलेगा, तो रबी की फसल पूरी तरह नष्ट हो जायेगी। हमने प्रदेश के मुयमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट को पत्र लिखकर जल्द से जल्द किसानों की नष्ट हुई फसलों का सर्वे करवाकर मुआवजा देने की मांग की हैं।

## दीक्षांत समारोह भोपाल में उपमुख्यमंत्री ने डॉ. शुक्ला को डॉक्टरेट की उपाधि से किया सम्मानित

**वारासिवनी।** रविन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी भोपाल द्वारा 7 अप्रैल को आयोजित कुशाभाऊ ठाकरे हाल भोपाल में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल मध्य प्रदेश शासन द्वारा डॉ अमित शुक्ला को कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में डॉक्टरेट की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपना शोध कार्य एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजेन्द्र गुप्ता के निर्देशन में पूरा किया हैं। उनका रिसर्च टॉपिक एन एफिशिएंट कॉन्टेस्ट डिपेंडेन्ट लेक्सिकल इन्फॉर्मेशन डिटेक्शन फ्रॉम अनस्ट्रक्टर्ड डेटा यूसिंग वर्ड इमबेडिंग्स रहा है।




डॉ. अमित शुक्ला ने बताया कि आज वर्तमान में अनस्ट्रक्टर्ड डेटा का ज्यादा प्रयोग हो रहा है। मशीन लर्निंग में वर्ड इमबेडिंग्स मेथड के प्रकारों को हाइब्रिड रूप से उपयोग करने पर अनस्ट्रक्टर्ड डेटा में जो लेक्सिकल इन्फॉर्मेशन होती हैं, उसे डिटेक्ट करने में ज्यादा क्षमता होती हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता के आशीर्वाद से उन्हें ये सम्मान मिला है और वे निरंतर शिक्षा से जुड़े कार्य लगभग 15 वर्षों से कर रहे हैं और आगे भी छात्रों के उज्जवल भविष्य को बनाने में अपना निरंतर योगदान देते रहेंगे।

विदित हो कि डॉ अमित शुक्ला स्वर्गीय दशरथ प्रसाद शुक्ला सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के सुपुत्र हैं। वह वारासिवनी वार्ड नं 13 के निवासी है। वर्तमान में लक्ष्मी शंकर एजुकेशन इंस्टीटूट के डायरेक्टर व सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज में एकेडमिक प्रिंसिपल के पद पर कार्य कर रहे हैं। डॉ अमित शुक्ला की उपाधि पर परिवार जनों व सभी मित्रों को उन पर गर्व है।

डॉ. अमित शुक्ला के डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित होने परसतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर, समस्त स्टाफ परिवार जनों में रामबिहारी शुक्ला अधिवक्ता, कुंजबिहारी शुक्ला अधिवक्ता, प्रतीत शुक्ला अधिवक्ता, विशाल मिश्रा, श्रीमती दीपा शुक्ला पत्नी शासकीय शिक्षिका, श्रेयांश, सार्थक, अनुज, तरुण बिरनवार, ऋषिराम मसखरे, अजय गर्ग एवं परिवार के सभी सदस्यों ने उन्हें आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी है।

## नवोदय विद्यालय में बिलासपुर संकुल स्तरीय 2 दिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता सपन्न

वारासिवनी। जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में बिलासपुर संभाग स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 17 विद्यालय के 149 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



इस आशय की जानकारी देते हुए नवोदय विद्यालय प्राचार्य रणवीर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में आयु वर्ग 14, 17, 19 वर्ष के बालक बालिकाओं ने भाग लिया। जिसमें मध्यप्रदेश से बालाघाट, सतना, रीवा, सीधी, अनूपपुर, छत्तीसगढ़ से बलौदा बाज़ार, बलरामपुर, बेमेतरा, महासमुंद, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर आदि के खिलाडि़यों ने भाग लिया।

जिसमें ऑफिसियल सिलेक्टर के रूप में खिलाडि़यों का चयन सुधीर चौधरी, सचिन भोज, सिद्धार्थ नेमा, आयुष्मान भोज, हिमांशु बहेश्वर आदि के द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय बिलासपुर संभाग प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य रणवीर सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। विद्यालय के खेल शिक्षक एस के बनिक, खेल शिक्षिका सुनीता सिंह के साथ-साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक और कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा हैं।

उन्होंने बताया कि नवोदय विद्यालय की परिकल्पना बहुत ही सोच विचार कर नई युवा पीढ़ी के लिए बनाई गई थी। जिसका उद्देश्य पूर्णतः बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़ा हैं। शैक्षणिक क्षेत्र पर सदैव बेहतर करते हुए यह संस्थान खेल के क्षेत्र में भी पूरी जिमेदारी से बेहतर अवसर प्रदान कराता हैं, जिससे युवा अपने हर हुनर को प्रभावी बना सकें।

खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं, ये न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। बल्कि हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूत करते हैं। खेलों के माध्यम से हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना सीखते हैं, टीम वर्क और सहयोग की भावना विकसित करते हैं और अपने आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं।

खेल हमें शारीरिक रूप से सक्रिय रखते हैं, जिससे हमारे शरीर को मजबूत और स्वस्थ बनाने में मदद मिलती हैं। खेल हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, जिससे हम तनाव और चिंता से मुक्त रहते हैं। यह हमें अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद करते हैं, जिससे हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अधिक आत्मविश्वासी होते हैं साथ ही हम टीम वर्क और सहयोग की भावना भी सीख पाते हैं। जिससे हम अपने साथियों के साथ मिलकर काम करने में सक्षम होते हैं। इसलिए खेल हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं और हमें इन्हें अपने दैनिक जीवन में शामिल करना चाहिए।



# नरवाई प्रबंधन के लिए स्ट्रारीपर मशीन सहित अन्य विकल्पों का चयन करने की किसानों से अपील

**सिवनी।** सहायक कृषि यंत्री सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया कि फसल अवशेष में आग जनित बडी दुर्घटना को रोकने के लिए कृषि अभियांत्रिकी द्वारा ई- कृषि यंत्र अनुदान योजना के माध्यम से जिले में लगभग 123 कृषकों को स्ट्रारीपर मशीन का लाभ प्रदाय किया जा चुका है। यह मशीन किसान के लिए नरवाई प्रबंधन में बहुत ही उपयोगी है। जिलें में स्ट्रारीपर मशीन से अबतक लगभग 3500 कृषकों के खेतों से फसल अवशेष को भुसा में परिवर्तित किया गया है। जिसका उपयोग पशुआहार एवं ईंट-भट्टा में ईंधन के रूप में उपयोग किया जा सकता है। विभाग द्वारा रबी सीजन में गेहुँ के हार्वेस्टिंग के बाद फसल अवशेष (नरवाई) प्रबंधन के संबंध में मल्चर, श्रेडर, सुपरसीडर एवं स्ट्रारीपर का प्रदर्शन एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से जिले में लगातार जन जागरूकता लाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। स्ट्रारीपर मशीन के उपयोग से किसान के खेत साफ हो जाते हैं। जिससे आग जनित जैसी दुर्घटनाओं से निदान मिलता है। पर्यावरण संरक्षण व सन्तुलन बना रहता है। किसान के खेत की मिट्टी स्वस्थ व उपजाऊ बनी रहती है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों से नरवाई को न जलाकर नवीन तकनीक का लाभ लेने की अपील की गई है।

## खबर संक्षेप

### औद्योगिक संस्थानों में वाटर हार्वेस्टिंग एवं पौधरोपण के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित

**सिवनी।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में जिले में जारी जल गंगा संवर्धन-अभियान अंतर्गत सभी विभागों द्वारा अपनी सक्रियता निभाते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिसमें उद्योग विभाग द्वारा जिले के औद्योगिक संस्थानों में वाटर हार्वेस्टिंग एवं अधिकतम पौध रोपण की कार्यवाही कराने के लिए उद्योगपतियों से संपर्क किया जा रहा है।

### पंजीकृत किसान स्लॉट बुकिंग के माध्यम से भी करा सकेंगे गेंहू उपार्जन

**सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के आदेशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु सभी पंजीकृत किसानों से अपील है कि वे अपना स्लॉट दिनांक 26.04.2025 तक बुक कर सकते है, इसके बाद किसान अपना स्लॉट बुक नही कर सकेगें। सभी किसान अपनी फसल जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र में स्लॉट बुक करके विक्रय कर सकतें है।

### भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन 15 अप्रैल को

**सिवनी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों का ''मासिक सैनिक सम्मेलन'' दिनांक 15 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे कार्यालय भवन, इंद्रहंस नगर, फेस-।। प्लाट नं. 33 हाउस नं.1297, ज्यारत नाका अकबर वार्ड, सिवनी में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी द्वारा सिवनी एवं बालाघाट जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को मासिक सैनिक सम्मेलन में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को जिला सैनिक कल्याण, अधिकारी, कर्नल, अमरेन्द्र कुमार दास (से.नि), जिला-सिवनी (म.प्र.) को अवगत करा सकते हैं।

### विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर आयुष औषधालयों में होगा मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सिवनी।** जिला आयुष अधिकारी सिवनी डॉ. यशवंत कुमार माथुर द्वारा बताया गया कि गुरूवार 10 अप्रैल को आयुष विभाग सिवनी द्वारा विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला अस्पताल परिसर सिवनी में स्थित शासकीय आयुष विंग पंचकर्म सेंटर सिवनी, शासकीय आयुष होम्योपैथी औषधालय टिकादवारी एवं शासकीय आयुष होम्योपैथी औषधालय लखनादौन, जोबा, पारसपानी जिला सिवनी में मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है । अतः आप समस्त सम्मानीय नागरिकों से अनुरोध है की उक्त शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करें। इस हेतु सादर आमंत्रित है।

### किसानो भाईयो खेतो मे आग ना लगाये गौशालो मे भूसा दान करे — डॉ. प्रमोद राय

**केवलारी।** वर्तमान समय मे प्रायःदेखा जा रहा है फसल कट रही है ओर फलाली जलाने का काम किसानो द्वारा किया जा रहा है । विधानसभा क्षेत्र के ( छपारा, धनोरा, सुनवारा, कन्हीवाड़ा, केवलारी, पलारी, छीन्दा, खैररांजी और भीमगढ़ ) में हार्वेस्टर–कंबाइन मशीन द्वारा गेहू की कटाई कार्य चल रहा है। मानव के लिए माँ अन्नपूर्णा की कृपा से अन्न का प्रबंध धरती माता ने कर दिया है, लेकिन हमारे मित्र और कृषि कार्य में सहयोगी पशुओं के भरण पोषण का प्रबंध भूसा के द्वारा ही होता है।किसान भाईयो से प्रमोद राय पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने अपील की है कि खेतों में आग न लगाएँ, न स्वयं और न किसी को आग लगाने की सलाह दें। गौशालाओं में भूसा दान करें , यथासंभव गौशाला संचालकों को भूसा उपलब्ध कराएँ।एक ट्रॉली भूसे की औसत कीमत लगभग ₹1,500 है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्यों को मिल रही गति

**सिवनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में उत्साह पूर्वक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार जारी है। इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से स्थानीय जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही अधिकतम नागरिकों को अभियान से जोडने के लिए दीवार लेखन, नारे, रैलियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार की गतिविधियां की जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार 09 अप्रैल को विकासखंड सिवनी के ग्राम पंचायत खाम खरेली, करकोटी, डोरलीछतरपुर, बांकी, कोहका माने गांव, बखारी एवं बंडोल में जल जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सर्वप्रथम जल गंगा संवर्धन जन जागरूकता के तहत ग्राम पंचायत में जल कलश यात्रा का ग्राम में भ्रमण कर पानी के संरक्षण के लिए जन जागरूकता फैलाई गई।

## जिले के लखनादौन विकासखंड में अभियान अंतर्गत आयोजित हुई विभिन्न गतिविधियां

**सिवनी।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन-अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में-जलस्त्रोतों तथा नदी, कुंओं, तालाबों, बावड़ियों सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, साथ ही इस अभियान जनसमुदाय को जोडने के लिए जागरूकता रैली और दीवार लेखन जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।इसी तरह जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड लखनादौन द्वारा नवांकुर संस्था चेतना संदेश समिति लखनादौन एवं सीएमसीएलडीपी छात्रों द्वारा दीवार लेखन कार्य, नाले पर गहरी करण में श्रमदान एवं संगोष्ठी का आयोजन ग्राम पंचायत निधानी, बम्होड़ी में तथा सोहागपुर में दीवार लेखन कार्य करके जल संरक्षण हेतु जनजागरुकता कार्यक्रम किया,साथ ही ग्राम में कुएं के परिसर में साफ सफाई हेतु श्रमदान किया गया। जिसमें ग्रामवासियों के साथ पंचायत अधिकारी, सरपंच सुन्नी बाई,जीआरएस हृदय कुमार,अर्जुन मर्सकोले सीएमसीएलडीपी छात्र सुरेंद्र डेहरिया प्रस्फुटन समिति निधानी से नरेश युवने, ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इसी क्रम में जल संसाधन विभाग द्वारा आमई जलाशय की साफ-सफाई की गई। जिसमें क्षेत्रीय ग्रामीणों एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जलाशय में व्याप्त झाडियों एवं अन्य अपशिष्टों का विनष्टीकरण किया गया।

## राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन लखनादौन में 20 अप्रेल को

**सिवनी।** जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन सिवनी के सचिव संदीप मिश्रा ने जानकारी दी कि राज्य स्तरीय ओपन टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन लखनादौन के शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय में दिन रविवार 20 अप्रैल को प्रातः दस बजे से किया जा रहि है, जिसमें सिवनी जिले के साथ-साथ छिंदवाड़ा, बालाघाट एवं नरसिंहपुर जिले के खिलाड़ियों के भी हिस्सा लेने की संभावना है, जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता का आयोजन अनेक वर्षों बाद सिवनी जिले में हो रहा है, ज्ञात हो कि वर्तमान में सिवनी जिले में बरघाट के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर तक इस खेल में जिले के नाम को रोशन किया है वही लखनादौन पूर्व के समय में पूरे जिले को इस खेल में प्रेरणा देने का कार्य करता रहा है, इस परंपरा को लखनादौन में पुनर्जीवित करने के लिए जिला संगठन के द्वारा इस आयोजन को लखनादौन में करने का निर्णय लिया है ,इस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में कोई आयु बंधन नहीं होगा, वही बालक वर्ग में 14 वर्ष, 19 वर्ष एवं 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, इस आयोजन में सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे , विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह के साथ-साथ एक गिफ्ट भी स्थानीय आयोजनों द्वारा दिए जाने की व्यवस्था की गई है ,इस प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 100 रुपए रखा गया है, प्रतियोगिता में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 18 अप्रैल तक है ,जो भी इस प्रतियोगिता में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करना चाहता है वह देवेश रजक 9399874348, मनीष धुर्वे 7000 870961, महेंद्रनाथ मिश्रा 9713111313 पर संपर्क कर सकते हैं।

## पंजीकृत हितग्राहियों के ई-केवायसी पूर्ण कराने के लिए उचित मूल्य दुकानों में विशेष शिविर का आयोजन 10 से 12 अप्रैल तक

**सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि जिले में विकासखंडवार समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों में पंजीकृत हितग्राहियों के शतप्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण करने के लिए विशेष शिविर का आयोजन 10 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025 शाम 04 बजे से रात्रि 09 बजे तक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिल हितग्राहियों का ई-केवायसी नहीं है, ऐसे समस्त हितग्राही अपने नजदीक उचित मूल्य दुकान पहुंचकर ई-केवायसी करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सिवनी विकासखंड अंतर्गत ग्राम कातलबोडी, भोंगाखेडा, भाटीवाडा, बोरदई, बम्होडी, सालीवाडा थांवरी, मण्डवा, डुंगरिया, बंडोल, इंदावाडी, पुसेरा, सकरदा, बम्हनी, जमुनिया, फलारा हथनापुर, जाम, मेहराखापा में, कुरई विकासखंड अंतर्गत ग्राम सेटेवानी, ढुटेरा, पतरई, दरासीकलॉ, सतोषा, मूंडापार, डूडायेर में, लखनादौन विकासखंड अंतर्गत ग्राम मोहगांवकला, बुडवानी, आदेगांव, पुरवा, मचवाडा, पाटन, कटोरी, रामनगरी, मोहगांवगूजर, मढी, धूमा, भोरगढी, बावली, पौंडी, मोहगांव, पाथरकाठी, खूबीरैयत एवं विकास में, छपारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम रामगढ, पायलीखुर्द, डांगावानी, बीजादेवरी, पहाडी, लुडगी, बबईया, तुलफरैयत में, धनौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम धनौरा, साजपानी, मुरघाई में, घंसौर विकासखंड अंतर्गत ग्राम अनकवाडा, सुचानमेटा एवं झिंझरई में, बरघाट विकासखंड अंतर्गत ग्राम बम्होडी, सैला, ताखलाकला, साल्हेखुर्द बम्होडी, गौरखपुर, टेटमा, बरघाट शहर में एवं केवलारी विकासखंड अंतर्गत केवलारी नगर, सुन्हेरा, पांडीवाडा, अहरवाडा, खैरी, उगली, अलोनीखापा, खुरसुरा, वनसमिति कोपीझोला में तथा सिवनी शहरी क्षेत्र अंतर्गत संजय वार्ड, कबीर वार्ड, ध्यानचंद वार्ड, गांधीवार्ड में शिविर आयोजित किये जायेंगे जिसमें हितग्राही अपना ई-केवायसी करा सकते हैं।

### संस्था प्रमुखों की आज कलेक्टर लेंगे बैठक

# निजी विद्यालयों पर लगेगी लगाम?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पिछले काफी समय से जिले की निजी शालाओं में जिस तरह से पढ़ाई के नाम पर वसूली की जा रही है वह जगजाहिर है। गणवेश, पुस्तकें सहित अन्य सामग्रियों को लेकर अभिभावकों पर जो दबाव बनाये जाते रहे हैं क्या उनसे अब निजात मिलने वाली है। जिस तरह से किसी भी शाला की संबंधित सामग्री एक ही प्रतिष्ठान पर उपलब्ध होना और उसका मनमानी करना क्या इससे भी लोगों को छुटकारा मिलेगा यह इसलिये कहा जा रहा है कि आज कलेक्टर इन सभी मनमानी करने वाले विद्यालयों के प्रमुखों की एक बैठक लेने जा रहे हैं जिसमें सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी।

मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 एवं शासन द्वारा समय-समय में जारी निर्देशों के पालन के संबंध में कलेक्टर की अध्यक्षता में दोपहर 1 बजे से जिला योजना भवन मण्डला में अशासकीय विद्यालयों की बैठक का आयोजन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी निजी विद्यालयों को निर्देशित किया है कि समस्त प्रबंधक/प्राचार्य/प्रधानाध्यापक वांछित बैठक में विद्यालय में संचालित कक्षावार पुस्तकों की सूची (प्रकाशक एवं कीमत सहित) तथा विद्यालय में लगी बस/वेन/ऑटो की जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। बैठक में केवल संस्था प्रमुख/प्राचार्य की उपस्थिति मान्य होगी। बैठक में निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा शासन के निर्देशानुसार एनसीईआरटी/एससीईआरटी की पुस्तकों को लागू करना, स्कूल में संलग्न बस/वेन/ऑटो की जानकारी, डीपीआई पोर्टल पर वर्ष 2025-26 की प्रस्तावित फीस संरचना मदवार पोर्टल पर अपलोड/प्रविष्टि करना, निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावकों को पुस्तकें, यूनिफार्म, टाई, जूते, कॉपी आदि खरीदने, स्कूल बैंग पॉलिसी 2020 का पालन तथा छात्रवृत्ति एवं अपार आईडी की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में इन विषयों पर भी चर्चा हो सकती है कि हमारे नौनिहालों की पीठ पर स्कूल बैग का वजन कितना होना चाहिये, क्या रोजाना सभी विषयों की पुस्तकें, सभी विषयों की कापियाँ, होमवर्क की कापियाँ एवं शाला में जो अन्य गतिविधियाँ समय-समय पर होती रहती हैं उनसे संबंधित सामग्री बैग में रखकर ले जाना आवश्यक है या फिर सप्ताह के अलग-अलग दिन के हिसाब से कापी, पुस्तकों एवं अन्य सामग्री का निर्धारण होगा ताकि जिस बोझ से ये छोटे बच्चे परेशान हैं इनसे उन्हें निजात मिल सके। सरकार ने तो पहले ही इस तरह के नियम निर्धारित कर रखे हैं कि निश्चित वजन से ज्यादा बच्चों का बैग न हो लेकिन शायद ही कोई विद्यालय इन नियमों का पालन करता नजर आ रहा हो इस पर भी क्या बैठक में चर्चा होगी।



## नौ दिवसीय अखंड रामायण मानस पाठ का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

पिछले 10 दिनों से चल रही है अखंड रामायण मानस पाठ का आज समापन हुआ समापन पश्चात कन्या भोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया कार्यक्रम में समस्त क्षेत्रवासी ग्रामवासियों ने भंडारा प्राप्त किया विगत 5 वर्षों से शिवनंदन सेवा समिति नौ दिवसीय अखंड रामायण पाठ एवं तीन सुंदर कांड पाठ का अनवरत पाठ किया जाता है इसमें हमारे समिति के 34 सदस्य सहयोग करते हैं।

शिवनंदन सेवा समिति अनेक आयाम पर काम कर रही है गणेश उत्सव, गांधी जयंती, क्रिकेट प्रतियोगिता, नेत्र ऑपरेशन, नेत्रदान शिविर, नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा, अखंड रामायण मानस पाठ, नर्मदा जयंती महोत्सव ऐसे अनेक प्रकल्प शिवनन्दन सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे हैं जो 1994 से गतिमान है शिवनंदन सेवा समिति ने आज अपना नाम स्थापित किया है पिछले दिनों उत्तर वाहिनी परिक्रमा में शिवनन्दन सेवा समिति ने 150 परिक्रमा वासियों का जत्था अपने मार्गदर्शन में इस यात्रा में ले गई थी जिसने उतरवाहनी भव्य और दिव्य बनाने में सहयोग प्रदान किया था शिवनन्दन सेवा समिति के प्रेरणा स्त्रोत बाल योगी गोविंद दास जी महाराज वृंदावन वालों के आशीर्वाद से सारे प्रकल्प चल रहे हैं।

### झील महोत्सव में कुल 18 प्रकार के साहसिक खेल

मण्डला। बरगी बांध के समीप आयोजित किये जा रहे पंद्रह दिनों के झील महोत्सव में सुबह के समय साहसिक खेलों में शामिल होने वाले पर्यटकों को बुधवार 9 अप्रैल से आयोजकों द्वारा निःशुल्क चाय-नाश्ता उपलब्ध कराया जायेगा। यह निर्णय झील महोत्सव की आयोजक संस्था जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (जेएटीसीसी) द्वारा लिया गया है। जेएटीसीसी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सिंह के मुताबिक 9 अप्रैल से पर्यटकों के लिए शुरू की जा रही सुविधा के तहत सुबह 7 बजे से सुबह 10 बजे तक साहसिक खेलों के प्रतिभागियों को टिकट के साथ निःशुल्क चाय, नाश्ता का कूपन दिया जाएगा। यह कूपन विशेष साहसिक खेलों पर ही प्रदान किये जायेंगे। निः शुल्क चाय नाश्ता के ये कूपन एक से अधिक साहसिक खेलों में शामिल होने वालों को भी दिये जायेंगे, लेकिन सभी खेलों की टिकिटों की कीमत कम से कम एक हजार रुपये होनी चाहिये। उन्होंने बताया कि साहसिक खेलों में शामिल होने सुबह झील महोत्सव कार्यक्रम में पहुँचने वाले पर्यटकों के लिए चाय, नाश्ता घर से कर के जाने की आवश्कता नहीं होगी। सीईओ हेमंत सिंह ने बताया कि यह निर्णय प्रतिदिन शाम को बड़ी संख्या में आ रहे प्रतिभागियों को देखते हुए लिया गया है।

# परिवार सहित कर रहे उत्तरवाहिनी परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



एकादशी के पावन पर्व पर मृदु किशोर कॉलोनी वासियों ने उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा करने का मन बनाया और परिवार सहित व्यास नारायण मंदिर में संकल्प के साथ परिक्रमा प्रारंभ की। कॉलोनियों वासियों ने एकता का परिचय देते हुए महिष्मति नगरी को यह संदेश दिया है कि जो भी व्यक्ति स्वास्थ्य के कारणों से पैदल उत्तर वाहिनी परिक्रमा नहीं कर सकते, वे टू व्हीलर के माध्यम से परिवार सहित माँ नर्मदा की उत्तर वाहिनी परिक्रमा कर सकते हैं। परिक्रमा करते समय सभी कॉलोनी वासी उत्साहित आनंदित और नर्मदा मैया की भक्ति में इतने लीन थे की राह में जो पथिक मिलते थे उनको भी उन्होंने मजबूर कर दिया कि भईया नर्मदे हर बोलते चलो यह रास्ता आम रास्ता नहीं है, यह तो साक्षात नर्मदा मैया का परिक्रमा पथ है पूरे गांव वालों ने भी टू व्हीलर वाली परिक्रमा को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। यह बात तय है की जो भी प्राणी मैया जी की परिक्रमा करेगा पूर्ण लगन के साथ उसे मैया ऐसी परिक्रमा करायेगी कि वह जीवन भर अभीभूत होता रहेगा। उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा में मृदु किशोर कॉलोनी के निवासियों द्वारा परिक्रमा की गई जिसमें मुख्य रूप से आरके सोनी, मधुर चौरसिया, दिनेश दुबे, कमल चौरसिया, अनिल पांडे, सविता कछवाहा, बॉबी रावत, माखी जानी, योगेश मिश्रा, ओम प्रकाश, गौतम, सुरेश चौधरी सपरिवार शामिल रहे।

# टंकियां प्यासी... नल हैं उदास : बूंद-बूंद को तरसे लोग, पूरी नहीं हुई आस

हरिभूमि न्यूज लाँजी ।

## घटिया सामग्री से बन रही नल-जल योजना की पानी की टंकी, हादसे की आशंका




लाँजी। हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने के मकसद से शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना की पूरे प्रदेश में हालत खराब है। ग्रामीण बस्तियों, पंचायत भवनों, अस्पतालों और आंगनबाड़ी केंद्रों तक साफ पानी पहुंचाने और जल संरक्षण करने की योजना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और ठेकेदारों की लापरवाही से तार-तार हो गई है। जगह-जगह टंकियां अधूरी हैं और जहां टंकियां बनी हैं, वहां पंप नहीं लगे हैं। बिसोनी में योजना के 80 फ़ीसदी कार्य पूर्ण होने का दावा किया जा रहा है लेकिन हकीकत इससे काफी अलग है।लांजी जनपद अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बिसोनी में पंचायत कार्यालय के समीप जल जीवन मिशन योजना के तहत बनाई जा रही पानी की टंकी का 6 माहा बाद भी निर्माण नहीं हो पा रहा है। हालत ये है कि 24 घंटे पानी मिलने की आस लगाए बैठे ग्रामीणों को निराशा हाथ लग रही है। ग्रामीणों द्वारा टंकी के निर्माण के साथ नल कनेक्शन में लापरवाही के आरोप भी लगाते हुए विरोध जताया है। वही ग्राम पंचायत बिसोनी के उपसरपंच पवन कश्यप ने आरोप लगाया हैं कि ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा प्रशासन से जल्द निर्माण करवाने के साथ जांच की मांग की गई है अगर 15 अप्रेल के पूर्व ग्राम के ग्रामीणों के घर तक जल नहीं पंहुचा तो 15 अप्रेल को ग्राम दाखनीटोला में बंद पानी टंकी के निचे भुखड़ताल पर बैठा जाएगा। उल्लेखनीय है कि नल-जल योजना के अंतर्गत पानी की टंकी का ग्राम बिसोनी में निर्माण किया जा रहा है। इसके माध्यम से घर-घर पानी सप्लाई की योजना है। लेकिन ठेकेदार अपनी मनमर्जी से निर्माण कार्य करने में लगे हुए है। निर्धारित मापदंड के अनुरुप टंकी निर्माण नहीं होने से गिरने की संभावना बनी हुई है। वही उपसरपंच पवन कश्यप यह भी बताया कि बनाई जा रही पानी की टंकी में ठेकेदार के द्वारा किसी प्रकार की कोई तराई नहीं की जा रही है, और टंकी का निर्माण कछुए की चाल में किया जा रहा है जिस पर संबंधित अधिकारियों की नजर नहीं पड़ रही है या ऐसा भी हो सकता है कि जानकर भी संबंधित विभाग के अधिकारी नजर अंदाज कर ठेकेदार का हौसला बुलंद कर रहे हैं।

**बिसोनी की पानी टंकी बनी शोपीस**

पंचायत क्षेत्रों में लाखों खर्च कर पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया गया, लेकिन उसमें पानी भरने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं पाइप लाइन विस्तार कार्य भी आधा-अधूरा है। ग्राम पंचायत बिसोनी के ग्राम दाखनीटोला में पानी की टंकी शोपीस बनकर रह गई है। दरअसल, यहां पिछले 4 वर्षों से सप्लाई ठप है और पानी की टंकी बंद पड़ गई है। जिसकी वजह से ग्रामीणों को पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही है, जिससे इस भीषण गर्मी में ग्रामीण बूंद-बूंद भर पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों को हो रही इस परेशानी से जिम्मेदार अधिकारियों को कोई भी परवाह नहीं है। जिससे ग्रामीणों में रोष है।

**दो साल तक योजना में सुस्ती पंचायतों में काम अधूरा**

जल जीवन मिशन के तहत लाँजी जनपद के ग्राम पंचायत बिसोनी में टंकी का निर्माण कर हर घर में पाइपलाइन से शुद्ध पानी पहुंचाने की योजना 2020-21 में शुरू हुई। दो साल तक योजना में सुस्ती रही। टेंडर व विभिन्न प्रक्रिया में आधा समय निकल गया।और लांजी जनपद अंतर्गत आने वाले ऐसे कई ग्राम पंचायतों में कार्य शुरू कराया गया। ढाई साल में अब तक कुछ ही ग्राम पंचायतों में योजना शुरू हुई है, वह भी महज दिखावे के लिए शुरू की गई है जिसमें ग्रामीणों को सही तरीके से पानी का लाभ नहीं मिल पा रहा है । जनपद क्षेत्र के अंतर्गत ऐसी कई ग्राम पंचायतों में निर्माण चल रहा है। काम के समय पर पूरा होने को लेकर संशय इसलिए है क्योंकि एक ठेकेदार को कई ग्राम पंचायतों को काम दिया है। अधिकांश ग्राम पंचायतों में पाइपलाइन बिछाई गई है, लेकिन कहीं टंकी का निर्माण नहीं हुआ तो कहीं कनेक्शन नहीं हो सका है। इस वजह केंद्र सरकार की योजना अधर में लटकती नजर आ रही है। जल जीवन मिशन योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी योजना है।

यह योजना मध्य प्रदेश में उन्हीं की भाजपा की यादव सरकार के रहते फिसड्डी साबित हो रही हैं।और पूरी तरह से !भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई, जिसके कारण गरीबों के घरों तक पानी नहीं पहुंच सका। अब देखना यह होगा कि भाजपा की सरकार इस योजना पर तेजी से काम करा पायेगी या फिर जल जीवन मिशन योजना कागजों में ही सिमट कर रह जाएगी ।

# टिल्लू पंप से पानी खींचा तो होगी सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

## जल संकट को लेकर नपा की आवश्यक बैठक ,



बालाघाट। नगर पालिकापरिषद बालाघाट द्वारा शहरी क्षेत्र में जलप्रदायकी व्यवस्थाओं और तैयारियों को लेकर नपाध्यक्षभारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने सभापति समीर जैसवाल व नपा के सहायक यंत्री सत्यम जाट के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें शाखा के संबंधित अधिकारियोंऔर कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्मकाल के लिये अलर्ट मोड पर रहे और सुधार कार्य तथा जल प्रदाय से जुड़ी कोई भी शिकायतों का निराकरण समयबद्ध किया जाना चाहिये। किसी भी प्रकार से पानी की बर्बादी ना हो सभी लीकेज हुऐ खराब वाल्व को युध्द स्तर पर सुधार कार्य किया जाये । आमलोगों से भी अपील है पानी को व्यर्थ ना बहायें जबकि जलस्तर में कमी को देखते हुए जल्द परिषद के सभी सहयोगी पार्षदों के साथ बैठक कर कार्ययोजना बनायेंगे साथ ही सभी बातों की समीक्षा करने एक आवश्यक बैठक जल संसाधन विभाग,लोकस्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के ज़िम्मेदार अधिकारियों के साथ आज नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष कक्ष में दोपहर 03 बजे आयोजित की गई है ।

ग्रीष्मकाल को लेकर नपा द्वारा कार्ययोजना तैयार की गई है जिसे लेकर नपाध्यक्ष श्रीमती ठाकुर ने कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिये और जलप्रदाय शाखा से जुड़ी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण करने को कहा। नपाध्यक्ष ने कहा कि परिषद के जितने भी पानी टेंकर है उसे दुरूस्त रखा जाये। शहर में कहीं भी बिना नगरपालिका की अनुमति के रोड काटने का कार्य नहीं किया जायेगा क्योंकि इससे पाईप लाईन प्रभावित होती है इसका विशेष ध्यान रहे।

**टिल्लूपंप से पानी खिंचने पर होगी सख्त कार्यवाही**

नपाध्यक्ष ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि ग्रीष्मकाल को लेकर अभी से सतर्कता है किंतु नदी में पानी का जलस्तर कम महसूस किया जा रहा है इसकी मुख्य वजह बैनगंगा नदी स्थित भीमगढ बाँध में जलस्तर घट गया जिससे सिवनी जिले के अनेक क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित हुआ है जो कि चिंताजनक विषय है आगामी दो माह हमें उपलब्ध पानी पर ही निर्भर रहना है जलप्रदाय शाखा प्रभारी ज्योति मेश्राम ने बताया कि शहर में कई स्थानों पर टिल्लू पंप का उपयोग कर सरकारी नल कनेक्शन से पानी खिंचा जा रहा है और कई स्थानों पर प्रेशर कम हुआ है। इस हेतु तय किया गया है कि नपा का निगरानी दल टिल्लू पंप का उपयोग करते पाये जाने पर सख्त कार्यवाही करेगा और मामला भी दर्ज किया जा सकता है तथा टिल्लूपंप की जब्ती बनाकर माननीय न्यायालय में भी प्रस्तुत किया जा सकता है ।इसलिए किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिये जो नगरवासी टिल्लू पंप का उपयोग करते है यह कार्य ना करें। इसके साथ ही ग्रीष्मकालीन तैयारियों में अनेक विषयों पर नपाध्यक्ष ने जलप्रदाय शाखा को निर्देशित किया और त्वरित रूप से कार्ययोजना पर अमल करने को कहा है।

# जनपद पंचायत की भूमि का हुआ सीमाकंन

हरिभूमि न्यूज़ कटंगी।

## अतिक्रमण हटाने की कवायद में जुटी जनपद



कटंगी। जनपद पंचायत कटंगी विगत दो वर्षो से अपनी भूमि को अतिक्रमणकारियों से सुरक्षित बचाने और अतिक्रमण मुक्त कराने कवायद में जुटी हुई है. किंतु इसमें कई तरह के अड़गे सामने आ रहे है. मंगलवार को एक बार फिर राजस्व विभाग के दल ने देर शाम तक जनपद की भूमि का सीमांकन किया लेकिन सीमाकंन की कार्रवाई के बाद पंचनामा रिपोर्ट और अतिक्रमण चिन्हित करने की कागजी प्रक्रिया आखिर में अटक गई. दरअसल, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों के दल ने पूरी तन्मयता के साथ भूमि का सीमांकन किया लेकिन जब शाम को पंचनामा कार्रवाई होनी थी उस वक्त जनपद की तरफ से राजस्व अमले को सहयोग नहीं मिल पाया और सीमाकंन होने के बाद भी अतिक्रमण और भूमि चिन्हित की कागजी कार्रवाई पूरी नहीं हो पाई. राजस्व निरीक्षक से सीमाकंन की कार्रवाई को लेकर जब चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि सीमाकंन तो किया गया परंतु पंचनामा रिपोर्ट तैयार नहीं हो पाई है. जब पंचनामा कार्रवाई होनी थी तब जनपद का कोई भी सक्षम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद नहीं था.जनपद पंचायत कटंगी में कविता अरविंद देशमुख ने जब से अध्यक्ष की कमान अपने हाथों में ली है तभी से वह जनपद पंचायत की भूमि को सुरक्षित करने के लिए सीमाकंन की कार्रवाई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित हो इस दिशा में लगातार प्रयास कर रही है. मगर, अब तक दो बार सीमाकंन होने के बाद भी अतिक्रमण चिन्हित नहीं हो पा रहा है. गौरतलब हो कि जनपद पंचायत कटंगी के पास करीब 04 एकड़ की भूमि है जिस पर अलग-अलग सरकारी विभागों के कार्यालय है. इसके बावजूद अब भी जनपद के पास काफी मात्रा में भूमि शेष है. जनपद पंचायत अपनी भूमि का सुरक्षित नहीं कर पा रही है इस वजह से अतिक्रमण पांव पसार रहा है. जिसे देखकर जनपद पंचायत अध्यक्ष चिंतित है. वह इस बात को समझ रही है कि अगर अब भी जनपद की भूमि को सुरक्षित नहीं किया गया तो अतिक्रमणकारी पूरी शासकीय भूमि को निगल जाएगें. उनकी यह चिंता वाजिब भी है लेकिन दूसरी तरह सीमाकंन के दौरान जनपद के अधिकारी और कर्मचारियों का राजस्व विभाग को सहयोग नहीं मिलना कई सवालों को जन्म देता है।

# फर्जी मामले एवं पत्रकार सुरक्षा कानून जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री व पुलिस महानिदेशक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।





लालबर्रा/बालाघाट। मध्यप्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने एवं पत्रकारों को झूठे मामले में फंसाने, इनके एवं परिवार के साथ दुर्व्यवहार, हमला, हत्या जैसे जघन्य अपराध किए जाने के संबंध में तहसीलदार लालबर्रा व थाना प्रभारी लालबर्रा जिला बालाघाट को पत्रकारों ने ज्ञापन सौंपा है। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संबंधित पत्रकार साथी आपसे कृतज्ञता पूर्वक निवेदन करते हैं कि हाल ही में विगत 7 अप्रैल को दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रबाण के पत्रकार मिलिंद ठाकरे पर अज्ञात दो नकाबपोश युवाओं द्वारा दिनदहाड़े गोंदिया रोड़ मुख्य मार्ग आनंद रेडियो हाउस के सामने मिडटाउन होटल के पास धारदार हथियार चाकू से नृशंस हमला किया गया, इसके पूर्व भी कटंगी निवासी पत्रकार संदीप कोठारी को जिंदा जला दिया गया था, लालबर्रा में भी 1अक्टूबर 2019 को पत्रकार प्रकाश चौहान के साथ गाली गलौज और रोककर पकड़कर बंद कमरे में बंधक बनाकर मारपीट कर झूठे आरोप लगाकर फंसा दिया गया था, इसी तरह जिले सहित प्रदेश भर में आए दिनों पत्रकारों की सच की आवाज दबाने के लिए हमले किए जा रहे हैं, जो काफी निंदनीय है। अतः महोदय जी आपसे निवेदन है कि पत्रकार मिलिंद ठाकरे बालाघाट के ऊपर किए गए जानलेवा हमले के हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार कर उचित कार्रवाई करने की कृपा करें और साथ ही प्रदेश में सभी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो सके। इसके लिए पत्रकारों के हित में कठोर पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने की मांग हम सभी पत्रकारों द्वारा की जा रही है। पत्रकारों को प्रदेश भर में आए दिन षड्यंत्र एवं साजिश के तहत झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है, तो कहीं पत्रकारों की हत्या कर दी जा रही है, तो कहीं पत्रकारों पर जानलेवा प्राणघातक हमले हो रहे हैं इसके विरोध में एवं पत्रकारों के हित में कि वे निष्पक्षता के साथ अपनी कलम से स्वतंत्र होकर बिना डर के समाचार प्रकाशित कर सकें, जिसके लिए पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने की मांग को लेकर समस्त पत्रकार साथियों ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन भोपाल एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल (PHQ) के नाम लालबर्रा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है, जिसकी एक प्रतिलिपि तहसीलदार लालबर्रा को भी सौंपी गई है एवं पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय भोपाल (PHQ) को भी डाक द्वारा एक पत्र प्रेषित किया गया है। पत्रकारों के हित में ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से- मुकेश रंगारे, मुकेश अवधिया, मतीन खान,राजू पंचेश्वर,विजय रजक, प्रकाश चौहान, राहुल जायसवाल, आशीष भगत, मतीन रजा, देवेन्द्र बिसेन, इमरान कुरैशी, विश्वास मेश्राम, राजेश ब्रम्हे उपस्थित रहे।

# मौसम का बदला मिज़ाज, तेज हवाओं ने दी गर्मी से थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी/ लाँजी में बुधवार शाम को अचानक मौसम ने अपना रूप बदल लिया. तेज़ हवाओं और धूल भरी आंधी ने नगर को घेर लिया, जिससे मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला. इस बदलाव से क्षेत्र के लोग हैरान रह गए, लेकिन एक अच्छी बात यह रही कि इन हवाओं ने गर्मी से कुछ राहत दिलाई.पिछले कुछ हफ्तों से लाँजी में गर्मी ने काफी परेशानी खड़ी की थी. मार्च के महीने में ही तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया था, जिससे नागरिकों को अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ रहा था.हालात इतने गंभीर हो गए थे कि लोगों को बाहर निकलने में परेशानी हो रही थी और दिनभर की तेज़ धूप ने नगरवासियों को बेहाल कर दिया था.लेकिन, जैसे ही गुरुवार शाम को तेज़ हवाओं के साथ धूल भरी आंधी आई, यह गर्मी कुछ हद तक कम हो गई.हालांकि यह अचानक बदलाव भी नगरवासियों के लिए चौंकाने वाला था, लेकिन हवा की तीव्रता और ठंडक ने गर्मी थोड़ी राहत दी.कुछ स्थानों पर आंधी के साथ हल्की बारिश भी हुई, जिससे तापमान में थोड़ी गिरावट आई.हालांकि मौसम में यह परिवर्तन तात्कालिक राहत प्रदान करता है, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार लाँजी में गर्मी और उमस का असर अगले कुछ दिनों तक बना रह सकता है.नगर में गर्मी का यह मौसम मानसून के आगमन तक जारी रहने की संभावना है. साथ ही, मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि जिले और आसपास के क्षेत्रों में उमस और गर्मी के कारण स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है.

ऐसे में नागरिकों को सावधानी बरतने और अधिक पानी पीने की सलाह दी गई है. इस बदलाव ने भले ही कुछ राहत दी हो, लेकिन मौसम की अनिश्चितता बनी हुई है.

# दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया म.प्र. के तत्वाधान में 14 अप्रैल को सम्पन्न होगी बाबासाहेब की जयंती

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

## बोधिसत्व डा. बाबा साहेब आंबेडकर जन्मोत्सव महू इंदौर में जायेंगे जिले एवं प्रदेश से संस्था के पदाधिकारी



बालाघाट। आधुनिक भारत के निर्माता भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च मातृत्व धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के संस्थापक विश्वरत्न बोधिसत्व डा.बाबा साहेब आंबेडकर जी की जयंती समारोह 14 अप्रैल 2025 को बाबा साहब की जन्मस्थली महू इंदौर में धम्म संस्था के मप्र राज्य शाखा के तत्वावधान में एवं बोधिसत्व डा. बाबा साहेब के पौत्र डा. भीमराव यशवंतराव आंबेडकर साहेब के मुख्यातिथ्य में, संस्था के प्रदेश अध्यक्ष द. डॉ.चरनदास ढेंगरे जी की अध्यक्षता में यह जयंती समारोह सम्पन्न होगी। स्वागत अध्यक्ष आर.सी. दिवाकर प्रदेश अध्यक्ष उत्तर होगें। प्रमुख अतिथि एड.एस.के.भंडारे सर राष्टीय उपाध्यक्ष मुंबई, बी.एच.गायकवाड गुरूजी राष्टीय सचिव एवं म.प्र. राज्य के पालक मंत्री मुंबई, गौतम पाटील राष्टीय संघठक भोपाल, डी एम आचार्य SSD के हेड क्वाटर सचिव चैत्यभूमि मुंबई एवं म.प्र. राज्य शाखा उत्तर व दक्षिण के प्रदेश व जिला शाखा के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल होगें। जयंती समारोह के पूर्व दिनांक 4 अप्रैल से इंदौर मुख्यालय के विभिन्न वार्डो में दस दिवसीय 4 उपासिका धम्म प्रशिक्षण एवं 3 दिवसीय समता सैनिक दल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें जिला बालाघाट एवं मध्यप्रदेश के हजारो पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल होने जा रहे है। इस समारोह को सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी संस्था के महामंत्री मेजर डॉ उत्तम प्रधान एवं मेजर डॉ शांताराम वाघ सर प्रदेश उपाध्यक्ष इनके निर्देशन में जिला शाखा इंदौर के जिलाध्यक्ष शुभम रायपुरे एवं उनकी पूरी टीम को सौंपी हैं। उक्त जानकारी राजकपुर कामडे प्रदेश कार्यालय सचिव द्वारा दी गई।

# लोहारा में पेयजल का संकट .. हैंडपंप देने लगे जवाब, जल स्तर गिरा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



लालबर्रा..। सरकार अंतिम छोर के व्यक्तियों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है पर अफसोस की बात यह की नौकरशाह हर घर नल और जल की सरकार की मंशा पूरी नहीं होने दे रहे हैं बालाघाट विधानसभा में वर्षों पूर्व नल योजना का शुभारंभ किया गया जिसमें करोड़ों रुपए सरकार के द्वारा खर्च किए गए लेकिन नतीजा कुछ भी नहीं निकला. आज भी बालाघाट विधानसभा की जनता शुद्ध पेयजल के लिए मोहताज है.. उन्हें नियमित तौर पर शुद्ध पेय जल नसीब नहीं हो पा रहा है। गर्मी की शुरुआत है और ऐसे में जल स्तर का नीचे होना आम जनता के लिए दुखदाई साबित हो सकता है, ऐसे ही पानी की किल्लत जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लोहारा की देखने को मिली जहां पर नल जल योजना का पानी सप्ताह में एक या दो दिन मिलता है गांव में दो दर्जन से अधिक हैंडपंप है जिनकी हालत गंभीर है ग्रामीणों का कहना है कि पीएचई विभाग द्वारा ग्राम के प्रत्येक हैंड पंप की मरम्मत कराई जानी चाहिए जिससे पानी की किल्लत नहीं होगी।

**पाइपलाइन फूटने से शिवा टोला के लोग शुद्ध पेयजल से वँचित..**

हर घर नल और जल का सरकार का नारा जमीन से कोसों दूर नजर आ रहा है, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लापरवाही का दंश शिवा टोला के रह वासियों को भोगना पड़ रहा है, उन्हें शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो रहा है अनेकों मर्तबा सरपंच और ग्रामीणों द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया लेकिन अफसोस की बात की जिम्मेदारों के कानों में जूँ तक नहीं रेंगी.. और शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया।

**हैंडपंप की हालत दयनीय..**

ग्राम पंचायत लोहारा में दो दर्जन से अधिक हैंडपंप है जिसमे की ग्राम पंचायत के अंदर बना हैंडपंप आधे गांव की जनता की प्यास बुझाता है बताया जा रहा है कि पंचायत के अंदर बना हैंडपंप आधे घंटे में पानी छोड़ देता है इसके चलते ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है पीएचई विभाग को बताया गया कि ग्राम पंचायत के अंदर बने हैंडपंप को सुधार कार्य और पाइप की आवश्यकता है अगर मरम्मत हो जाए तो ग्राम वासियों के खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा मीडिया द्वारा लोहारा सरपंच से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि गांव में सभी हैंड पंप की मरम्मत होनी चाहिए जिससे आम जनता को पानी के लिए मशक्कत ना करना पड़े भारत सरकार जल जीवन मिशन के माध्यम से अंतिम छोर के व्यक्तियों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है लेकिन जमीनी स्तर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उदासीन रवैया अपनाए हैं।

# सामूहिक रुप से हुआ नवकार महामंत्र का जाप

हरिभूमि न्यूज़ कटंगी।

## विश्व शांति और अहिंसा के संदेश का किया गया प्रचार-प्रसार



कटंगी। विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर विश्व के करीब 108 देश में सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप किया गया. भारत में सुबह 08 बजकर 01 मिनट से लेकर 9 बजकर 36 मिनट तक सामूहिक जाप किया गया. कटंगी नगर के श्री गणेश भवन में सकल समाज ने सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप किया. श्री सकल जैन समाज कटंगी ने सर्व समाज के लोगों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया था. जिसके चलते अलग-अलग धर्म-संप्रदाय से ताल्लुक रखने वाले लोगों ने भी सामूहिक जाप में हिस्सा लिया. जैन साधुओं की प्रमुख उपस्थिति में सभी ने नवकार महामंत्र का जाप किया. नवकार महामंत्र का मूल संदेश सभी जीवों के प्रति स्नेह और आदर है, जो अनेक धर्मों के मूल सिद्धांतों से मेल खाता है. यह मंत्र अहिंसा का एक प्रबल संदेश देता है, जिसे न केवल जैन धर्म बल्कि हिंदू, बौद्ध और कई अन्य धर्म भी मानते हैं. इस मंत्र के जाप से आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक विकास के माध्यम से विश्व का कल्याण संभव है. इसी भावना को ध्यान में रखते हुए विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर यह आयोजन हुआ. जैन समाज के लोगों ने कहा कि नवकार महामंत्र दिवस आध्यात्मिक सद्भाव और नैतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जो जैन धर्म में सबसे अधिक पूजनीय और सार्वभौमिक मंत्र- नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के माध्यम से लोगों को एकजुट करने का प्रयास करता है. अहिंसा, विनम्रता और आध्यात्मिक उत्थान के सिद्धांतों पर आधारित यह मंत्र प्रबुद्ध व्यक्तियों के गुणों के प्रति सम्मान व्यक्त करता है।